राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे आमेर दुर्ग पहुंचे, हरियाली ओढ़े पहाड़ियां और शिल्प सौंदर्य, स्थापत्य की सराहना की

राज्यपाल ने आमेर स्थित शिला–माता के दर्शन कर पूजा–अर्चना की

राष्ट्र और राज्य के सुख, समृद्धि और संपन्नता के लिए की प्रार्थना

जयपुर, 11 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे बुधवार सांय आमेर स्थित शिला माता मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने महिषासुर मर्दिनी स्वरूप माता के दर्शन कर पूजा–अर्चना की। उन्होंने मां जगत जननी से राष्ट्र और प्रदेश के सुख, समृद्धि और सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की।

राज्यपाल ने बाद में ऐतिहासिक आमेर किले के दीवानकृएकृआम, शीश महल, केशर क्यारी, 27 कचहरी, गणेश पोल, मैजिकल फ्लावर आदि देखे। उन्होंने वहां के शिल्प सौंदर्य और वास्तु विज्ञान को महत्वपूर्ण बताते हुए जल संरक्षण की परंपराओं से सीख लेने का आह्वान किया। उन्होंने किले की मिश्रित परशियन, मुगल और हिंदू शैली के मेहराब, गुम्बद और शिखर की सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि यूनेस्को विश्व विरासत में शामिल आमेर किला राजस्थान ही नहीं पूरे देश का गौरव है। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से इसके वास्तु और कलात्मक पहलुओं का प्रभावी विपणन किए जाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने वर्षा में हरियाली ओढ़े आमेर की पहाड़ियां के प्राकृतिक सौंदर्य पर मुग्ध होते हुए आमेर से दिख रहे दृश्यों की सराहना की। उन्होंने कहा की पर्यटन की दृष्टि से आमेर बहुत महत्वपूर्ण है।

————